12/03/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राज्य की वाकरो सिस्टर्स की आशापमाई देलांग ने कर्नाटक संगीत में चेन्नई के प्रतिष्ठित कलाक्षेत्र फाउंडेशन से स्नातक डिग्री हासिल कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इस उपलब्धि पर बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने उनके समर्पण की सराहना की और कहा कि उनका जुनून न केवल उनकी अपार प्रतिभा को दर्शाता है बल्कि पूर्वोत्तर भारत और दक्षिण भारत के बीच सांस्कृतिक संबंधों को भी मजबूत करता है। उन्होंने आशापमाई और वाकरो सिस्टर्स को कर्नाटक संगीत को राज्य में बढ़ावा देने और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करने में निरंतर सफलता की कामना की।

**000000000000000000**

राज्य के चीफ़ इलेक्टोरल ऑफ़िसर आईएएस पवन कुमार सैन, द्वारा जोएंट चीफ़ इलेक्टोरल ऑफ़िसर एवं डेप्युटी चीफ़ इलेक्टोरल ऑफ़िसर के साथ आज निर्वाचन भवन, ईटानगर में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक नियमित समन्वय बैठक की। बैठक का उद्देश्य राजनीतिक दलों के साथ बातचीत कर उनकी शिकायतों को हल करना और राज्य में चुनावी प्रक्रियाओं को मजबूत करना था। इससे पहले, सीईओ ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया और उन्हें मौजूदा कानूनी ढांचे के भीतर सुझाव प्राप्त करने और शिकायतों का समाधान करने के लिए राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत करने का निर्देश दिया था।

**0000000000000000000**

नाहरलागुन पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे प्रामाणिकता की पुष्टि किए बिना सेकंड-हैंड सामान न खरीदें, क्योंकि वे चोरी की संपत्ति भी हो सकती हैं। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 317 के तहत चोरी की संपत्ति लेना या खरीदना एक दंडनीय अपराध है। और ऐसे में नागरिकों को सावधानी बरतनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विक्रेता सेकंड-हैंड सामान के लिए ऑनर्शिप का वैध प्रमाण प्रदान करें। विज्ञप्ति द्वारा नागरिकों को यह भी सलाह दिया जाता है कि, किसी भी संदेह के मामले में, निकटतम पुलिस स्टेशन को रिपोर्ट किया जाए एवं तत्काल सहायता के लिए 112 डायल करने या ICR पुलिस के 24/7 हेल्पलाइन नंबर्स पर कॉल करें।

**0000000000000000000**

मेयर तामे फासांग सहित आईएमसी कमिश्नर एंव संबंधित कर्मियों द्वारा ईटानगर को स्वच्छ और हरित शहर बनाए रखने के मिशन के तहत जमीनी स्तर के हकीकत का आकलन करते हुए, कल वार्ड 13 से 20 का दौरा किया। मीडिया से बात करते हुए, उन्होंने इस दौरों के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा, **"हमारे सदस्यों की कार्य स्थितियों का आकलन करने के लिए ऐसे दौरे आवश्यक हैं और आने वाले दिनों में भी और दौरे किए जाएंगे।"** इस आउटरीच पहल का उद्देश्य वार्ड सदस्यों, सफाई कर्मचारियों और संबंधित नागरिकों के साथ जुड़ना था ताकि स्वच्छता और नागरिक प्रबंधन में आने वाली चुनौतियों को बेहतर ढंग से समझा जा सके।

**0000000000000000000**

तवांग में आज इंडियन चेंबर ऑफ़ कॉमर्स द्वारा भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के सहयोग से, राष्ट्रीय आईपी यात्रा का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ट्रेडमार्क, पेटेंट्स, कॉपीराइट और जिओग्राफ़िकल इंडेक्स (जीआई) सहित इंटैलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट के बारे में जागरूकता बढ़ाना और एमएसएमई को अपने नवाचारों की रक्षा और व्यावसायीकरण के लिए प्रोत्साहित करना था। इंडियन चेंबर ऑफ़ कॉमर्स के क्षेत्रीय निदेशक - एनईआर, इशांतर सोभापंडित ने विशेष रूप से जीआई अधिकारों के महत्व पर जोर देते हुए, उन्होंने अरुणाचल प्रदेश के याक को एक उल्लेखनीय जीआई-रेजिस्टर्ड उत्पाद के रूप में उद्धृत किया, जो स्वदेशी संसाधनों के समृद्ध सांस्कृतिक और आर्थिक मूल्य को प्रदर्शित करता है।

**0000000000000000000**

ईटानगर मौसम विभाग ने राज्य के वेस्ट कामेंग, ईस्ट कामेंग, कुरुंग कुमे, पापुम पारे, लोआर सुबनसिरी, कामले, वेस्ट सियांग, ईस्ट सियांग, लोअर दिवांग वैली, तिराप, नामसाई और लोहित जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने अगले 24 घंटों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है।

**0000000000000000000**

भारतीय सेना अग्निपथ योजना के तहत वर्ष 2025-26 भर्ती के लिए अग्निवीर चयन के लिए अविवाहित पुरुष उम्मीदवारों से ऑनलाइन पंजीकरण आमंत्रित करती है। ऑनलाइन पंजीकरण आज से शुरू हो गए हैं और आगामी 10 अप्रैल तक खुले रहेंगे और इसी के तहत राज्य के युवाओं से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। रक्षा विज्ञप्ति के अनुसार अग्निवीरों की भर्ती दो चरणों में की जाएगी। उम्मीदवार अपनी पात्रता स्थिति की जांच करने के लिए www.joinindianarmy.nic.in पर लॉग इन कर सकते हैं।

**0000000000000000000**

अरुणाचल प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एपीएससीपीसीआर) के सदस्य याहुंग तक्सेंग का लंबी बीमारी के बाद कल अपर सियांग जिले के यिंगकिओंग में उनके निजी आवास पर निधन हो गया। स्वर्गीय तक्सेंग एक प्रमुख सार्वजनिक नेता और सामाजिक कार्यकर्ता थे, जिन्होंने विभिन्न पदों पर समाज की सेवा की। अपने निधन के समय, स्वर्गीय तक्सेंग एपीएससीपीसीआर के सदस्य के रूप में कार्यरत थे। इस बीच, अपर सियांग उपायुक्त तालो जेरांग ने स्वर्गीय तक्सेंग के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। अपने शोक संदेश में उपायुक्त ने समाज के प्रति उनके उल्लेखनीय योगदान को याद करते हुए कहा कि, अनगिनत लोगों के जीवन पर उनके प्रभाव को हमेशा याद रखा जाएगा।

0000000000000000000